आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 25.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते के साथ संपन्न।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – मुक्त व्यापार समझौते से उत्तराखंड के बासमती चावल को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में नई पहचान मिलेगी।
- चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बद्रीनाथ मास्टर प्लान के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- पौड़ी जिले में सेब और कीवी की खेती किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रही ळें

भारत ब्रिटेन व्यापार समझौता

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा संपन्न हो गई है। प्रधानमंत्री ने कल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता के बाद कहा कि यह दिन दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह समझौता संपन्न हुआ है।
प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा के लिए ब्रिटेन सरकार का आभार व्यक्त किया।
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद मुक्त व्यापार समझौता ब्रिटेन का सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने से उत्तराखंड के बासमती चावल को भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में नई पहचान और बेहतर कीमत मिलेगी। इससे राज्य के किसानों की आय में भी इज़ाफा होगा। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को साकार करते हुए स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पीयूष गोयल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत–ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक है जिससे व्यापार, निवेश और रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा। लंदन में प्रसार भारती संवाददाता के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व समझौते से किसानों, छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स और अन्य सेवा क्षेत्रों को लाभ होगा।

श्री गोयल ने कहा कि भारत की विकास यात्रा के लिए महत्वपूर्ण इस समझौते के लिए उनकी टीम तीन वर्ष से अधिक समय से काम कर रही थी। इस समझौते से भारतीय पेशेवरों, शिक्षा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए ब्रिटेन के बाज़ार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन भारतीयों के लिए भी फायदेमंद है जो तीन वर्ष के लिए अल्पकालिक नौकरियों के प्रयोजन से ब्रिटेन आते हैं।

रेलगाड़ी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोटद्वार–आंनद विहार एक्स्प्रेस में एक ए.सी– 2 डब्बे को जोड़ने का आदेश जारी किया है। पहली अगस्त से इस ट्रेन में ए.सी– 2 डब्बा जुड़ने लगेगा। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने इस संबंध में रेल मंत्री से आग्रह किया था। उन्होंने रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे स्थानीय नागरिकों और व्यापरियों को इस ट्रेन में सफर करने में और अधिक सुगमता होगी। इसके अलावा उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द कोटद्वार–आंनद विहार एक्स्प्रेस को जयपुर तक विस्तारित भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि कोटद्वार के स्थानीय व्यापरियों और नागरिकों ने श्री बलूनी के समक्ष कोटद्वार–आंनद विहार एक्स्प्रेस में एक ए.सी– 2 डब्बे को जोड़ने और इस ट्रेन को जयपुर तक विस्तारित करने का विषय रखा था। इसको लेकर कुछ दिनों पहले ही श्री बलूनी ने रेल मंत्री से आग्रह किया था।

श्रीदेव सुमन श्रद्धांजलि

प्रदेश के विभिन्न जिलों में अमर शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर उत्तरकाशी जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने हनुमान चौक स्थित श्रीदेव सुमन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। छात्र–छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली और निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से नई पीढ़ी को श्रीदेव सुमन के बलिदान से अवगत कराया गया। उजेली स्थित सुमन वन में वृक्षारोपण किया गया। विभिन्न विद्यालयों और कार्यालयों में भी कार्यक्रमों के ज़रिए उनके जीवन–दर्शन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

बदरीनाथ मास्टर प्लान

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में हॉस्पिटल बिल्डिंग निर्माण कार्य के समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था ने बताया कि बारिश के कारण  निर्माण कार्य की गति थोड़ी धीमी हुई है और 31 अगस्त तक कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था ने बताया कि बद्रीश झील के पास पानी निकासी पाईप बनाने की अनुमति शासन से मिल चुकी है और यह कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था ने बताया कि अराइवल प्लाज़ा क्षेत्र में लगाई जा रही बीकन लाइट के टावरों का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बद्रीनाथ, जल संस्थान, विद्युत विभाग और पीआईयू की एक संयुक्त कमेटी बनाकर धाम में विद्युत, जल संयोजन और सीवर संयोजन की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बद्रीनाथ धाम में बनाये जा रहें तीर्थ पुरोहित के आवास निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूरा कर प्रशासन को सौंपने के भी निर्देश दिए।

<u>सेब और कीवी खेती</u>

पौड़ी जिले में सेब और कीवी की खेती किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। एप्पल मिशन के अन्तर्गत किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार ने जो अभियान चलाया था वह फलीभूत होने लगा है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि जिले में लगभग ढाई सौ किसान सेब और कीवी की खेती कर रहे हैं। इसके लिए सरकार 70 प्रतिशत की छूट दे रही है। उन्होंने कहा कि अब विभाग द्वारा कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जा रही, इससे किसानो को अच्छी मदद मिलेगी।

दिल्ली से वर्ष 2018 में नौकरी छोड़कर अपने गांव आई डॉ. सविता रावत अब गांव में ही फल उत्पादन के क्षेत्र में काम कर रही हैं।